हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 08 जनवरी 2016, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

ग्रेटर नोएडा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी में गुरुवार को नेपाल से साइकिल यात्रा करके पहुंची 165 कुंग फू नन। सभी कुंग फू नन महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने के मकसद से यहां पहुंची हैं। • हिन्दुस्तान

जागरूक करने ग्रेनो पहुंचीं कुंग फू नन

ग्रेटर नोएडा। महिलाओं को प्रेरित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर रहीं नेपाल की 165 कुंग फू नन गुरुवार की शाम बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी पहुंची हैं। सभी नेपाल से यहां तक साइकिल से आई हैं। ननों ने बिमटेक के छात्र-छात्राओं के साथ महिलाओं की स्थिति और पर्यावरण के बिगड़ते हालातों पर चर्चा की।

बिमटेक के निदेशक डा. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि 18 नवंबर को नेपाल से बौद्धक एचएच ज्ञालवांग दुर्कपा के नेतृत्व में 235 बौद्ध और ननों प्रतिनिधि मंडल 2,200 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पर निकला है। प्रतिनिधि मंडल लोगों को महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चला रहा है। पटना, गया, राजगिरी, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर होते हुए ग्रेटर नोएडा आए हैं।